हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025





## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने वृद्धाश्रमों में बांटे वस्त्र

**कवर्धा।** लायंस सेवा सप्ताह के दूसरे दिन आज 3 अक्टूबर शुक्रवार की शाम को दोनों वृद्धाश्रमों में 30 वृद्धजनों को फल बिस्किट वितरित किए। क्लब के कार्यकारिणी सदस्य बीपी शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर वितरण का पूरा व्यय स्वयं वहन किया। लायन सुशीला श्रीश्रीमाल ने वृद्धजनों को वस्त्र वितरित किए। ज्ञात हो कि हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक लायंस सेवा सप्ताह के तहत प्रतिदिन विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी के तहत गुरुवार 2 अक्टूबर को नवीन बाजार में दानी मेडिकल स्टोर के समक्ष ग्रामीणजनों नागरिकों को नेत्रदान महादान व नेत्र सुरक्षा जागरूकता का संदेश देते हुए एक हजार पैम्फलेट वितरित किए गए। सेवा सप्ताह के आगामी दिनों में जिला अस्पताल में फल बिस्किट वितरण, जरूरतमंद लोगों को फूड पैकेट वितरण, प्रमुख प्राथमिक शाला में न्योता भोज तथा मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने बताया सेवा सप्ताह लायंस इंटरनेशनल का सिग्नेचर प्रोग्राम है, जिसे पूरे विश्व के क्लब्स पूरी शिद्दत से मनाते हैं। इन कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में लायंस क्लब के सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

**हादसा:** कार सवार अन्य तीन लोग गंभीर, पंडरिया अस्पताल में भर्ती, पंडरिया-बजाग रोड में ग्राम रहमान कांपा के पास हादसा

# मऊ से राजिम जा रही कार सड़क हादसे का शिकार, राजिम के व्यवसायी दम्पत्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




ब्लाक मुख्यालय पंडरिया से महज 8-10 किलो मीटर दूर पंडरिया-बजाग मार्ग में शुक्रवार की तड़के एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में जहां राजिम के व्यवसायी दम्पत्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं कार सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना राहगीरों से मिलने के बाद मौके पर पहुंची पंडरिया पुलिस ने मृतकों का शव बरामद कर तीनो घायलों को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया है। वहीं कानूनी औपचारिकता के बाद मृतकों के शवों को उनके गृह ग्राम रवाना कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम छत्तीसगढ़ के निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू अपनी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू और अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार की तड़के मऊ मध्यप्रदेश से कार क्रमांक सीजी 5 एमयू 6853 में सवार होकर वापस राजिम लौट रहे थे। बताया जाता है कि श्री साहू की कार बजाग-पंडरिया मार्ग होते हुए आ रही थी। उनकी कार पंडरिया ब्लाक मुख्यालय से करीब 8-10 किलो मीटर पहले ग्राम रहमान कापा के पास पहुंची ही थी कि इसी दौरान कार चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और कार सीधे सड़क किनारे बनी एक पुलिया की कांक्रीट रैलिंग से जा टकराई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार कार कांक्रीट रैलिंग से इतने भीषण ढंग से टकराई की कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार राजिम के व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू की गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं कार सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पंडरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे क्षतिग्रस्त कार से मृतकों के शवों तथा घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को भी दी।

इस हृदय विदारक घटना को सुनने के बाद पंडिरया पहुंचे मृतक के परिजनो को कानूनी औपचारिका के बाद शवों को सौंप दिया गया वहीं घायलों का ईलाज अभी पंडरिया अस्पताल में ही जारी है।




### चालक को झपकी आने से हादसे की आशंका

ऐसी आशंका जताई जा रही है की यह भीषण सड़क हादसा कार चालक को झपकी आने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुआ है। क्योंकि कार चालक काफी लम्बी दूरी से कार चलाते हुए आ रहा था और हो सकता है कि सुबह के समय उसे झपकी आ गई हो। बहरहाल पुलिस दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

### राजिम क्षेत्र में शोक की लहर

सड़क दुर्घटना में लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी साहू की मौत की खबर मिलते ही राजिम क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। मृतकों का अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उनके पैतृक ग्राम बम्हनी (लाफिन), जिला महासमुंद में किया गया। राजिम विधायक रोहित साहू ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# दुर्गोत्सव समितियों ने दुर्गा दाई को दी विदाई, किया विसर्जन

## समितियों ने गाजे-बाजे के साथ नगर व अंचल में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस बार पूरे दस दिनो तक चले नवरात्र पर्व के दौरान महाअष्टमी पर हवन पूजन पश्चात धूमधाम से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। हालांकि ग्रामीण अंचलों में प्रतिमाओं का विसर्जन अष्टमी के बाद से ही प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन जहां तक कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां दशहरा उत्सव के दूसरे दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शुक्रवार को सुबह से प्रारंभ हुआ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलते रहा। प्रतिमा विसर्जन करने निकली नगर की दुर्गोत्सव समितियों ने सुबह से ही खुले वाहनो की आकर्षक ढंग से सजा, धजा कर मां जगत जननी की झांकी निकालना शुरूकर दिया था। बैंड बाजे, डीजे साऊंड की धुन पर थिरकते हुए समिति सदस्यों ने आतिशी धमाकों के बीच विधिवत पूजा अर्चना पश्चात प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय सकरी नदी, सरोधा जलाशय, भोरमदेव सहित दूसरे जलाशयों में किया। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष नगर की कई दुर्गोत्सव समितियों द्वारा क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर मां के नौ रूपों की प्रतिमाओं की स्थापना भव्य साज सज्जा के साथ पूरी आस्था और श्रद्धा से की थी। कुछ समितियों ने जीवन्त झांकियां भी रखी थी। पर्व के मौके पर झांकिया देखने भारी भीड़ उमड़ती रही। पिछले दस दिनों से नगर में स्थापित इन दुर्गा प्रतिमाओं को शुक्रवार की सुबह से ही सजे, धजे वाहनों में बिठाकर जलाशयों तक ले जाते देखा गया। विसर्जन के लिए प्रतिमाओं को ट्रक, ट्रेक्टर, मेटाडोर पर सवार कराया गया



और बाजे, गाजे तथा डी जे साऊन्ड लगाए गए। विभिन्न समितियों के विसर्जन शोभायात्रा के आगे, बाजे व डीजे साऊन्ड सिस्टम की धुनो पर युवाओं की अलमस्त टोलियां, नाचती, कूदती चल रही थी और गुलाल की बौछार की जा रही थी। विसर्जन यात्रा को प्रमुख रूप से ठाकुर पारा, ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, गुरूनानक गेट, इंदिरा चौक, नवीन बाजार चौक, वीर स्तम्भ चौक, शिवाजी चौक, करपात्री चौक, राजमहल चौक, अम्बेडर चौक, पुरानी कचहरी, शीतला चौक आदि स्थानों से भ्रमण कराया गया तथा सकरी नदी व अन्य जलाशयों में प्रतिमाएं विसर्जित की गई। विसर्जन के दौरान दुर्गा मैया का जयकारा करते हुए दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों, नागरिकों व श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे। विसर्जन का सिलसिला रात तक चलते रहा। किसी भी अनहोनी से निपटने शहर में सुरक्षा के कड़े बन्दो बस्त किए गए थे। कवर्धा की ही तरह पिपरिया, बोड़ला, स. लोहारा, पंडरिया, पाण्डातराई, कुण्डा सहित आदि स्थानो म शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# जिले के शालाओं के सामाजिक अंकेक्षण के लिए टीम लीडरों की सूची जारी की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतर




मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिले के सभी शासकीय शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण किया जाना है। जिले में प्राथमिक शालाओं की संख्या 743, पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या 388, हाई स्कूल की संख्या 67 और इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या 101 है। इस तरह पूरे जिले में 1299 स्कूल है जहां सामाजिक अंकेक्षण किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी ने बताया कि इसके अंतर्गत दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को नवागढ़ और साजा विकास खंड के सभी शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। इसी तरह दिनांक 8 अक्टूबर को बेमेतरा और बेरला विकास खंड के सभी शासकीय शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। इसके लिए सामाजिक अंकेक्षण दल के मुखिया (दल प्रमुख) लीडर का चयन कर लिया गया है। सभी स्कूल के प्रधान पाठकों को या संस्था प्रमुखों को अन्य स्कूलों में जाकर दल प्रमुख की भूमिका का निर्वहन करते हुए सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाना है। जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने विकासखंड के सभी शासकीय प्राथमिक शाला/ पूर्व माध्यमिक शाला/ हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में अंकित तिथि एवं समयावधि में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न कराने का दायित्व सौंपा गया है। सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयक के माध्यम से सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण आयोजन का रिपोर्टिंग संकलित करेंगे। सभी संकुल समन्वयक अपने संकुल के समस्त शालाओं में उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में शालावार जानकारी एकत्रित कर आयोजन तिथि के दूसरे दिन प्रपत्र टूल विकासखंड स्त्रोत केन्द्र में प्रस्तुत करेंगे। विकासखंड स्तर पर प्रपत्र एकत्रित कर पोर्टल में समस्त प्रविष्टियां डाटा एंट्री के लिए चयनित पांच शिक्षकों के माध्यम से दो दिवस के भीतर पूर्ण करने का कार्य भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्य को विकासखंड स्तर पर सफलता पूर्वक आयोजित कराने की जिम्मेदारी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयक पर है। अतः सभी प्राथमिकता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

■ 7 को साजा और नवागढ़ विकासखंड में सामाजिक अंकेक्षण

## नवोदय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय ज्ञान, पारंपरिक विज्ञान और जीवनशैली की गहन समझ प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर स्थित मुक्तांगन एवं जनजातीय संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक यात्रा में विद्यार्थियों ने मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक जीवनशैली को करीब से जाना। यहां प्रदर्शित पारंपरिक घर, कृषि तकनीक, जल संचयन की विधियां, औजार और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग देखकर छात्र-छात्राओं ने समझा कि हमारे पूर्वजों की जीवनशैली विज्ञान-आधारित और स्थायी विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत प्रासंगिक थी। इसी प्रकार जनजातीय संग्रहालय में विद्यार्थियों ने पारंपरिक औषधियों, वनस्पतियों के उपयोग, वर्षा जल संचयन, जैविक खेती और पारंपरिक निर्माण तकनीकों के माध्यम से यह जाना कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे समाज और संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों में न केवल सांस्कृतिक चेतना का विस्तार किया, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी प्रबल किया। छात्रों ने अनुभव किया कि विरासत से विकास का तात्पर्य अतीत की सराहना के साथ-साथ उसमें छिपे स्थायी विकास और वैज्ञानिक सोच को वर्तमान जीवन में अपनाना भी है।

# कौशल विकास से लेकर स्वच्छता सेवा तक विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पंडरिया, लोरमी रोड ग्राम मोहताराखुर्द में प्रशिक्षण एवं कौशल विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 एवं 26 सितम्बर को विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

24 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अप्रेंटिसशिप पोर्टल में पंजीयन एवं अपडेट, इंडिया स्किल कॉम्पीटिशन में पंजीयन, आगामी राज्य स्तरीय रोजगार मेला कैंप के लिए पंजीयन, प्रोत्साहन एवं साक्षात्कार प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई।

इस अवसर पर संस्था के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रशिक्षणरत युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं और अवसरों के अनुरूप तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कौशल विकास से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही 26 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली।

संस्था परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया गया। इन सभी कार्यक्रमों में संस्था के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षणरत एवं भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल युवाओं में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी मजबूती मिली।

# प्रदेश के कई जिले सहित कवर्धा में भी भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहने को तो यह अक्टूबर का महिना चल रहा है लेकिन कबीरधाम जिले में अभी भी वर्षा ऋतु बिफराई हुई है। जिसके चलते कवर्धा सहित अंचल के कई ईलाकों में इन दिनो झमाझम बारिश हो रही है। कवर्धा की ही बात की जाए तो यहां बीते गुरूवार की शाम से लगातार रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है। गुरूवार की शाम एन रावण दहन के पूर्व अचानाक बदले मौसम के बीच तेज गर्जना के साथ शुरू हुई भारी बारिश शुक्रवार को भी पूरे दिन होते रही। गुरूवार की शाम को हुई तेज बारिश के चलते जहां कवर्धा सहित अंचल का दशहरा उत्सव प्रभावित रहा वहीं शुक्रवार को लगभग पूरे दिन हल्की तेज बारिश के कारण दुर्गोत्सव समितियों को विसर्जन कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां बताना लाजिमी होगा कि मौसम विभाग ने कवर्धा जिले सहित प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के भीतर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद के साथ ही कबीरधाम (कवर्धा) जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

**पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य परीक्षण व कार्यशाला का भी आयोजन**

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह, स्वास्थ्य परीक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें जिलेभर से आए लगभग 300 वरिष्ठ नागरिकों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और नशामुक्ति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सियाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथियों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए और नशा मुक्ति का संदेश देते हुए उपस्थित सभी को शपथ दिलाई। कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के मार्गदर्शन में यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और उनके सामाजिक योगदान की सराहना का प्रतीक बनकर सामने आया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, पार्षद योगेश चन्द्रवंशी, हरीश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से योगेन्द्र सिंह गहरवार, दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के अधीक्षक देवकुमार कौशिक, रेडक्रॉस सोसायटी के जिला समन्वयक बालाराम साहू, व्याख्याता एवं स्काउट मास्टर हेमधर साहू, डीओसी अजय चन्द्रवंशी सहित चारों जनपद पंचायतों के समाज शिक्षा संगठक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना, उन्हें शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा युवा पीढ़ी में अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था।

# तालाब में डूब रहे ग्रामीण की पुलिस जवान ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा थाना अंतर्गत ग्राम मजगांव में शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी व एक अन्य ग्रामीण ने साहस का परिचय देने हुए तालाब में डूब रहे व्यक्ति की जान बचाई है। जानकारी के मुताबिक 03 अक्टूबर की दोपहर लगभग 03 बजे ग्राम मजगांव के तालाब में दुर्गा विसर्जन के दौरान ग्राम मजगांव निवासी रमेश पटेल पिता गिरधारी पटेल आयु 38 वर्ष तालाब में तैरते हुए अचानक बीच तालाब में फंस गए। बताया जाता है कि उनकी धोती दोनों पैरों में उलझ जाने के कारण वे तैर नही पाने में असमर्थ हो गए और गहरे पानी में डूबने लगे। इसी दौरान स्थिति को भांपते हुए पिपरिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक देवा चंद्रवंशी एवं उनके सहयोगी दीपक चंद्रवंशी ने तत्काल साहस का परिचय देते हुए तालाब में कूदकर डूब रहे व्यक्ति को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और साहसिक कार्य से एक गंभीर हादसा टल गया।



आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

12 नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई झांकी में उमड़ा आस्था का ...



10 मऊ से राजिम जा रही कार सड़क हादसे का शिकार..





## खबर संक्षेप

### ग्रामसभा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष और सामाजिक अंकेक्षण पर की गई चर्चा

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व एवं प्राथमिक शाला बुधवारा में "मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान" के अंतर्गत ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षाविद् परेटन सिंह राजपूत, ठाकुर राम वर्मा व ग्राम के उपसरपंच राम अवतार सिंह राजपूत, पंच शैलेन्द्र सेन सहित पालकगण उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के एजेंडा की जानकारी दी गई और आने वाले समय 06/07/08 अक्टूबर में से किसी एक दिन सामाजिक अंकेक्षण होने की बात बताई गई। इसमें बीस बिन्दुऑ पर किये जाने वाले प्रश्नों के संबंध में भी जानकारी दी गई। शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक के प्रधान पाठक सतीश देवांगन व प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक मैमुना सुल्ताना के आग्रह पर सामाजिक अंकेक्षण के दिन नेवता भोजन आयोजन के लिए सभी आए हुए लोगों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।सभी लोगों ने अपनी स्वेच्छा से राशि एकत्रित किए। इसके लिए हम सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। आज के इस कार्यक्रम में शाला परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मारपीट गाली गलौज अपराध दर्ज

भिलाई। गाली गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मीना बाई साहू झाड़ू पोछा का काम करती है। 1 अक्टूबर की सुबह अपने काम पर गई थी।

### तीन चार दिनों में एक्सपायर होने वाली मिठाई बिक रही है 30 दिनों तक

# जिले में त्योहारों पर 2 करोड़ की मिठाइयों पर खतरा, खोवा नकली, जांच रिपोर्ट लंबित

**खास बातें**

- हर सीजन में सैंपल लेकर करते हैं जांच, पर नहीं आती जांच रिपोर्ट
- जिले में करोड़ों की मिठाई कारोबार की
- शहर एवं ग्रामीण अंचल के लोगों को पता ही नहीं चलता कि एक्सपायरी है या मिलावटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

दशहरा के बाद अब दीपावली तक केवल बेमेतरा जिले में ही 2 करोड़ से ज्यादा की मिठाइयां अपेक्षा के अनुरूप बिकेगी।

दुकानों में मिठाइयां मिलावटी या हानिकारक नहीं है इसकी जांच का जिम्मा जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के पास है। पर विभाग की लेबोरेटरी की जांच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राखी और गणेश उत्सव के पहले कई दुकानों से सैंपल लिए गए लेकिन एक भी दुकान की जांच रिपोर्ट आज तक नहीं आई है। अब एक बार फिर त्योहार सीजन शुरू होने के पहले लाखों-करोड़ों के मिठाई कारोबार होगा। जिला खाद एवं औषधि विभाग का दावा है कि जल्द ही मिठाइयों के सैंपल लेने का काम शुरु कर दिया जाएगा । लेकिन सैंपलों की जांच रिपोर्ट कब और कैसे आएगी या तय नहीं है पिछले दो दशक से हर साल त्योहारों के पहले मिठाइयों के सैंपल लिए जाते हैं लेकिन कभी भी त्यौहार के समय किसी भी सैंपल की रिपोर्ट नहीं आती इस वजह से शहर एवं ग्रामीण अंचलों के लोगो को पता ही नहीं चलता है की मिठाइयां खराब है या मिलावटी?

### दूसरे शहरों से आता है नकली खोवा

मिली जानकारी के अनुसार शहर व जिले के ब्लॉक में त्यौहार के समय बनारस, नागपुर, इंदौर और कुछ शहरों से नकली खोवा भी मंगाया जाता है। इस साल भी इसकी आवक होना है। पिछले साल दिवाली के समय प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर में कई क्विंटल सिंथेटिक मिलावटी खोवा पकड़ा गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि नकली खोवा बनाने के लिए 200 मिली लीटर दूध में 10 ग्राम वाशिंग पाउडर, यूरिया, 800 एमएल रिफाइंड तेल या घटिया वनस्पति घी को पानी में डालकर मिलाया जाता है । इस तरह 1 लीटर दूध से 20 लीटर सिंथेटिक दूध तैयार किया जाता है। इसी सिंथेटिक दूध से खोवा बनाया जाता है। इस तरह तैयार खोवे को असली खोवा बताकर दुकानदारों को बेचा जाता है। विशेषज्ञ का कहना है कि यह सेहत के लिए खतरनाक होता है।

### एक्सपायरी डेटों का उल्लेख नहीं

मिठाइयों की शुद्धता की जांच के लिए एवम बासी मिठाई खाने से बचने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 1 अक्टूबर 2021 से बाजार में बिकने वाली खुली मिठाइयों पर एक्सपायरी डेट लिखने के आदेश किए थे । इसमें छोटी ,बड़ी सभी दुकानों पर मिठाई बनाने, कब तक खाना है कि पूरी जानकारी मिठाई ट्रे, के ऊपर लिखना जरुरी है। अब तक यह सुविधा पैकिंग वस्तुओं पर लागू थी, इसे 1 अक्टूबर 2021 से देश में खुली वस्तु की बिक्री पर भी लागू कर दिया है। लेकिन ज्यादातर मिठाइयों की दुकानों पर इसका पालन होता दिखाई नहीं दे रहा। कुछ व्यावसायिक संस्थान जरूर नियम का पालन कर रहे हैं, लेकिन वह भी रोज तारीख बदलते हैं, माल नहीं। अभी तक उचित कार्यवाही नहीं होने से व्यापारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वही मिठाई व्यवसाईयों का कहना है कि 80 फ़ीसदी मिठाई का काम असंगठित क्षेत्र से होता है, ऐसे में इस तरह के नियम दुकानदारों को परेशान करने के लिए है। चार साल पहले बने बनाए यह नियम अप्रासंगिक है।

# विद्युत विभाग के खोदे गड्ढे में गिरी गाय घंटों की मशक्कत के बाद निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



शहर की सामाजिक संस्था सहयोग ने विद्युत मंडल द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरी एक गौ माता को बचाया। गौ माता रातभर से गड्ढे में थी और बारिश के कारण तकलीफ में थी। वार्डवासियों के प्रयासों के बावजूद गौ माता को निकाला नहीं जा सका था। गड्ढे फंसी होने की जानकारी संस्था को दी गई जिसके उपरांत सहयोग के सदस्यों ने शहर में चला रहे स्वच्छता का अपना अभियान रोककर तत्काल गौ माता की रक्षा के लिए निकल पड़े। सदस्यों ने नगर पालिका की टीम को जेसीबी मशीन लेकर आने के लिए सूचित किया। परंतु जेसीबी मशीन नहीं पहुंचने पर सदस्यों बिना जेसीबी के ही गौ माता की रक्षा के लिए अभियान शुरू कर दिया। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अभियान में कान्हा शर्मा, गैद लाल साहू, राजकुमार साहू, संजय, संतोष चांडक, संतोष चौहान, रमन काबरा और रिझन साहू सहित वार्डवासियों का पूरा साथ मिला : सहयोग संस्था ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस तरह के कार्यों में गड्ढों को ढक कर रखा जाए ओर विद्युत मंडल की घोर लापरवाही सामने आई है, जिसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही संस्था प्रमुखों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पालिका की जेसीबी एक घंटे के बाद भी दुर्घटना स्थल पर नहीं पहुंची, जो कि एक बड़ा सवाल है।






## खबर संक्षेप

### परमालकसा में 6 को दशहरा पर्व

**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में दशहरा का आयोजन आगामी छह अक्टूबर को रखा गया। लीला के पश्चात छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच मया के डोरी काचरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### तीर्थयात्रियों का दल अयोध्या रवाना

**छुरिया।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए 17 तीर्थयात्रियों को जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री सिन्हा ने तीर्थयात्रियों से चर्चा करते हुए बताया कि अयोध्या दर्शन करने का अवसर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संभव हो पाया है। तीर्थयात्रियों ने रवाना होते हुए इसके लिए साय सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धन्ना यादव, टीकम साहू, प्रेमानंद रामटेके पंचायत इंस्पेक्टर सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रतिमा विसर्जित

**तुमड़ीबोड़।** मचानपार में सेवा भजन के साथ माता को गली भ्रमण कराते तालाब में विसर्जित किया गया।

### शिशु मंदिर के दिव्यांशी और नितिन चयनित

**अर्जुनी।** क्षेत्रीय अंडर 14 एथलेटिक्स एवं क्षेत्रीय विज्ञान प्रयोग के लिए स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की दिव्यांशी देवराज पिता रामकुमार देवराज और नितिन साहू पिता गीतेश्वर साहू का चयन हुआ है। उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंधन शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ हंसराज सोनकर, व्यवस्थापक अलख राम साहू, प्रधानाचार्य डामन जोशी, खेल प्रभारी तोरण सोनकर, अर्चना यदु आदि ने बधाई दी है।

### वरिष्ठ नागरिक घर की शान : नलिनी

**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग ने साड़ी, कुर्ता पजामा प्रदान किया। सरपंच कविता धुर्वे मुख्य अतिथि थी। अध्यक्षता वृद्धाश्रम की संचालिका नलिनी मेश्राम ने की। विरिष्ट अतिथि एसजी मेश्राम थे। इस मौके पर नलिनी मेश्राम ने वरिष्ठ नागरिकों को घर की शान व अनुभव का खजाना बताया। मुख्य अतिथि कविता धुर्वे ने वरिष्ठ नागरिकों को परिवार की धरोहर बताया। अंत में मंजू धनकर ने आभार व्यक्त किया। नर्स माहेश्वरी ने संचालन किया।

### भाजपा प्रवक्ता के बयान की निंदा, कार्रवाई की मांग

**छुरिया।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केरल भाजपा के प्रवक्ता पिंटू महादेव द्वारा की गई हिंसात्मक टिप्पणी का पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया है। उन्होंने थाना में ज्ञापन सौंपकर भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा है कि विपक्ष का काम जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाकर सरकार को आइना दिखाना है,किन्तु इससे भाजपा नेताओं को तकलीफ होती है और वह विपक्ष के नेताओ के खिलाफ हिंसात्मक टिप्पणी कर रहे है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता भाजपा नेताओं को रास नही आ रही है तभी इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता हिंसात्मक और भड़काऊ बयानबाज़ी कर देश में तनाव पूर्ण स्थिति पैदा कर रहे हैं।

## निधन

### अमरनाथ चक्रधारी



**बेमेतरा।** हायर सेकेंड्री स्कूल खंडसरा के जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष अमरनाथ चक्रधारी 62 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

पर्व

**नगर में सुबह से देर शाम तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा**

# नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई झांकी में उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया

शारदीय नवरात्रि की समाप्ति और विजयादशमी पर्व मनाने के बाद, नगर में सुबह से देर शाम तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चलता रहा। नगर में हर साल की तरह इस वर्ष भी विसर्जन यात्रा के दौरान आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन यात्रा में सांगदेव की वृहंगम झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने बाना लिया। भक्तों की टोलियां जस गीतों पर नृत्य करते और झूमते हुए चल रही थीं, जिसे देखने के लिए पूरा नगर उमड़ पड़ा। नगर के सभी चौक-चौराहों और विभिन्न पंडालों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को आज डीजे, धूमाल और जस गीतों के बीच विधि-विधान से तालाबों और नदी में विसर्जित कर दिया गया। आज राष्ट्रीय दुर्गोत्सव समिति, मारवाड़ी दुर्गोत्सव समिति, शुभ लाभ दुर्गोत्सव समिति, नव दुर्गोत्सव समिति सहित यादव, कुंभकार, केवट मोहल्ले और शीतला मंदिर में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन यात्राएं सुबह से शाम तक बारी-बारी से निकाली गईं। इन यात्राओं में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल हुए।



### व्यवस्था और यातायात

विसर्जन झाँकी देखने के लिए नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं की भीड़ पहुँची थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ लगी हुई थी। वहीं, मुख्य मार्ग विसर्जन झाँकी के कारण पूरी तरह से जाम था, जिसके चलते सभी वाहनों को बायपास की ओर डायवर्ट किया गया। दस दिन तक चली भक्ति भाव की बयार आज मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही समाप्त हो गई। नगरवासियों ने पूरी आस्था और श्रद्धा भक्ति से ओतप्रोत होकर नम आंखों से मां दुर्गा को विदा किया। चुस्त व्यवस्था के बीच शांतिप्रिय तरीके से विसर्जन का कार्य संपन्न हो गया।

## नवागढ़ में धूमधाम से मना विजयदशमी पर्व झाल, गनिया और प्रतापपुर में रावण दहन

**नवागढ़।** विजयदशमी का पावन पर्व क्षेत्र में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। ग्राम झाल, गनिया और प्रतापपुर में भव्य रामलीला मंचन एवं रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने जनसमूह के बीच बैठकर रामलीला का आनंद लिया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ आतिशबाजी और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा

मधु रॉय ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज को आदर्श, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने अन्याय और अधर्म का अंत किया, उसी प्रकार हमें भी समाज से बुराइयों को मिटाकर अच्छाई को अपनाना चाहिए। उन्होंने आगे क्षेत्रीय विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्राम झाल, गनिया और प्रतापपुर सहित पूरे क्षेत्र में सड़क, बिजली, पेयजल और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास लगातार जारी हैं। गांव-गांव में काम हो यह मेरा पहला लक्ष्य, सबका सहयोग आवश्यक। इस अवसर पर ग्रामों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त की, विशालकाय रावण का पुतला दहन किया गया। आतिशबाज़ी और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। बच्चों और महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ पर्व में भाग लिया। अंत में लोगों ने एक-दूसरे को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं और समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## विसर्जित हुईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं, महिलाओं ने किया सिंदूरदान

**बेमेतरा/बारगांव।** नवरात्र संपन्न होने पर माता रानी के विविध स्वरूपों का पूजा-अर्चना करने के बाद जय दुर्गा उत्सव समिति, शीतला समिति व नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति मटिया द्वारा शुक्रवार

■ जय दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा सांग बाना व जसगीत झांकी का आयोजन



को धूमधाम से विदाई की गई। रायपुर के बाना सांग व जस गीत झांकी द्वारा प्रदर्शन गांव में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखने बच्चों व महिलाओं सहित काफी संख्या में भीड़ रही। 70 सदस्य की इस टीम अनेक प्रकार के प्रदर्शन दिखाए। इसमें गाल व शरीर पर कई छेद करकर प्रदर्शन दिखाकर ग्रामीणों को अचंभित कर रहे। दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा समाप्त होने के बाद बेरला क्षेत्र के ग्राम मटिया में जय दुर्गात्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमा को बाना सांग उत्सव समिति द्वारा आयोजित अद्भुत खेल से गांव में भ्रमण कराकर तालाब में मूर्ति को विसर्जन किये। ढोल-ताशा की थाप पर मां का जयकारा लगाते हुए पूरे गांव में भ्रमण कराया गया फिर तालाब में नम आंखों से मूर्ति का विसर्जन किया गया। लोग माता रानी के विसर्जन शोभायात्रा में अबीर गुलाल उड़ाए। उनके भजन पर थिरकते श्रद्धालु काफी दूर तक पैदल ही जाते नजर आए।

श्रद्धालु परिवार सहित माता रानी के दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान जय दुर्गात्सव समिति के संरक्षक राजेन्द्र यादव, शुभम वर्मा, फत्ते साहू, सतीश यादव, मुकेश यादव, गणेश वर्मा, देवेंद्र वर्मा, लव-कुश साहू, सोनू वर्मा, राकेश निषाद, नारद यादव, यशवंत यादव, केशव साहू, धनेश वर्मा, सागर वर्मा, तुलसी साहू, परमानंद साहू, तरुण यादव, सुंदर साहू, श्रीराम साहू, सनत साहू, कृष्णा वर्मा, शेषनारायण साहू, चुम्मन निषाद सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### विसर्जन से पहले गंगाजल में मां के स्वरूप का किया दर्शन

शुक्रवार की सुबह विसर्जन से पहले पंडाल में भक्तों ने एक पात्र में गंगाजल भरकर उसके अंदर शीशा रखकर मां के स्वरूप का दर्शन किया। उन्हें दोधि कर्मा (चिवड़ा, दही व चीनी) का प्रसाद अर्पित करके भक्तों ने उसे ग्रहण किया।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़, कवि सम्मेलन और संगीतमय आरती ने बांधा समां

**नवागढ़।** नवरात्रि पर्व पर शंकर नगर स्थित रेस्ट हाउस के पास नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में नौ दिन तक भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पिछले लगभग दस वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस पर्व में इस बार भी नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। हर दिन माता सेवा मंडलियों की प्रस्तुति और कवि सम्मेलन ने माहौल को भक्तिमय व साहित्यिक रस से सराबोर किया। इसमें न सिर्फ स्थानीय बल्कि अन्य राज्यों से आए कवियों और कलाकारों ने भी अपनी रचनाओं व प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि बीते छह वर्षों से माँ शारदा मानस मंडली प्रतिदिन संगीतमय संध्या आरती का आयोजन कर रही है, जो इस वर्ष भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहा। मंडली के संचालक महेश कुमार साहू (तबला वादक), भीखम देवांगन (व्याख्याकार), नरेन्द्र जायसवाल (गायक व हारमोनियम वादक), रामकुमार साहू, चंद्रभान ध्रुव (बेन्जो वादक), सोहित यादव (बांसुरी वादक), नंदराम सिन्हा (पैड वादक), बिष्णु जायसवाल (बैंजो आर्गन वादक) और परमेश्वर साहू (नाल वादक) ने अपनी कला से वातावरण को सुरमई और भक्तिमय बना दिया। संगीतमय आरती के दौरान समिति द्वारा मंडली के संस्थापक स्व. श्री कोदू राम साहू (व्याख्याता व दूरदर्शन



कलाकार) को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। पूरे आयोजन के दौरान नगर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आयोजन में समिति के प्रदीप साहू, पार्षद अमित (वार्ड 15), बारेलाल निर्मलकर, अनूप सिन्हा, छोटे लाल सिन्हा, रामप्रसाद सिन्हा, पंकज जायसवाल, पुष्पेन्द्र, तिलेश्वर, साहिल, उदय, महेन्द्र, खेमलाल, वामन, लेखचंद, बिसेन जायसवाल, धनऊ सिन्हा, तिलक, गिरधारी, विलास, अमर निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## बेरला कुशमी, देवादा, मौली और कडंरका के दशहरा महोत्सव में हुए शामिल योगेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने विजयादशमी (दशहरा) पर्व के अवसर पर जिलेभर में आयोजित रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर नगर व ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वे दो दर्जन से भी अधिक जगहों पर दशहरा महोत्सव पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक तथा रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

योगेश तिवारी ने बेरला नगर पंचायत, कुशमी नगर पंचायत, ग्राम पंचायत कडंरका एवं मौली नेवनारा में हुए विजयादशमी महोत्सवों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी स्थानों पर लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया और उनके साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। योगेश तिवारी ने कहा कि "दशहरा का पर्व हमें यह सिखाता है कि असत्य और अधर्म चाहे कितना

■ सत्य और धर्म की विजय का दिया संदेश

भी बड़ा क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। इस दौरान नगर बेरला में आयोजित भव्य दशहरा महोत्सव में पूर्व विधायक अध्यक्ष सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरे, भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक आशीष सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद शिवझड़ी सिन्हा, नितेश सोनी, यतीश द्विवेदी, अमृत महेश्वरी, राजकुमार, राजेश दुबे, मानक चतुर्वेदी, कुमार सिन्हा, मनोज वैष्णो , हितेश निर्मलकर, विक्की ओगरे, गोल्डी द्विवेदी, बलराम यादव, साहिल तथा ग्राम देवादा में शामिल होने वाले अतिथियों में ताकेश्वर साहू, तुषार राजपूत, विलकंड साहू, विनोद साहू, गजानंद साहू, राजू साहू, सत्तू साहू, श्यामसुंदर साहू, संजू साहू, नारायण साहू, चंदन साहू, टोमन साहू एवं नगर कुसमी में हुए भव्य दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, पार्षद देवा साहू, सुरीत साहू,मोतीरामराम साहू, यशवंत मंडल शामिल हुए। इन गावों में लोगों की भारी भीड़ जुटी और जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक रावण दहन कार्यक्रम का आनंद लिया।

## सर्व ठाकुर समाज ने किया शस्त्र पूजन



**नवागढ़।** विजयदशमी के अवसर पर सर्व ठाकुर समाज नवागढ़ द्वारा महाराणा प्रताप चौक में धूमधाम से उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन किया और समाज की एकता एवं वीर परंपरा को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जवाहर सिंह, बांसराज सिंह, गणेश सिंह, बहोरना सिंह, मिथलेश सिंह, वल्लभ सिंह, युवराज सिंह, वीरेश सिंह, पृथ्वी सिंह, श्रीकांत सिंह, सोम सिंह, अश्वनी सिंह, पुरुषोत्तम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

### आईटीआई में सेवा पखवाड़ा का आयोजन



**बेमेतरा।** आईटीआई में सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, 22 सितंबर को जिला चिकित्सालय बेमेतरा में मेडिकल कैम्प, 23 सितंबर को संस्था परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई, 24 सितंबर को प्रशिक्षणार्थियों के लिए इनडोर गेम, 25 सितंबर को डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, 26 सितंबर को आउटडोर गेम, तथा 01 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक चेतना का विकास, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भारत के विकास में जनभागीदारी की महत्ता को समझना था। आईटीआई बेमेतरा के इस प्रयास से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सक्रिय

## 5 वर्ष की आयु से रावण का पुतला बनाकर दहन कर रहा है ओम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



दशहरा के मौके पर ग्राम मजगांव के 10वर्षीय ओम साहू अपने हाथों से रावण का पुतला बनाकर उसका दहन करता है। यह परंपरा उसने 5 वर्ष की आयु से शुरू की थी। दशहरा पर हर जगह असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में रावण का पुतला दहन किया जाता है।

वहीं अपने हाथों से रावण का पुतला बनाकर उसका दहन कर असत्य पर सत्य की विजय की परंपरा को बल देने का काम कर रहा है। खेल खेल में रावण का पुतला बनाकर उसका दहन किया था। लेकिन उसे क्या मालूम था उसका यह खेल एक परंपरा बन जाएगा। रावण दहन करने की परंपरा के प्रति उसकी रुचि ऐसी बढ़ी की वह हर साल अपने हाथों से रावण का पुतला बनाने लगा और उसका पुतला दहन अपने हाथों से करने लगा। जैसे-जैसे उम्र बढ़ता गया ओम साहू रावण के पुतला को और भी भव्य रूप देता चला गया। हर साल रावण का पुतला दहन आधुनिक तरीके से करता आ रहा है। रावण के पुतला में हर साल तरह-तरह की कलाकारी कर उसे आकर्षक बनाता है। ओम साहू के पिता सोनू साहू बताते हैं कि उनका बेटा पिछले पांच वर्षों से अपने हाथों से रावण का पुतला बनाकर उसका दहन करता है। अब तो सारे बच्चें ओम के द्वारा बनाए गए रावण के पुतला दहन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ओम साहू नें रावण के पुतला बनाने में किसी का कोई सहयोग नहीं लेता वह अकेला रावण का पुतला बनाता है। ओम के साथ में येनीश,अनीश, टीकम, सुषमा, केशव, पद्मिनी, राधा, हेमा, डुग्गू, बिट्टू, कान्हा, सोना आदि बच्चों नें रावण का पुतला दहन में शामिल रहे।

**मतदाता संख्या को व्यवस्थित करने की पहल**

# जिले में 135 नए मतदान केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा


भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र साजा बेमेतरा एव नवागढ़ में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान कर दी है जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र साजा में 36 बेमेतरा में 41 एवं नवागढ़ में 58 नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। वही विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के चार मतदान केन्द्र में अनुमाग परिवर्तन, विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में 5 भवन परिवर्तन एवं 09 अनुभाग परिवर्तन तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के दो मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्र की सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है जिसके अनुसार अब विधानसभा क्षेत्र साजा में मतदान केन्द्र की कुल संख्या 338 बेमेतरा में 309 तथा नवागढ में मतदान केन्द्र की कुल सख्या 358 हो गयी है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुक्कर 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गयी है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के ग्राम ओडिया, कारेसरा, टिपनी, उमरावनगर, थानखम्हरिया (2 केन्द्र), नवागांवकला, दर्री, खाती, पदमी, पदुमसरा, ठेलका, भेण्डरवानी, भरदा, सोमईकला, बीजा, परसबोड़, अकलवारा, सिंघनपुरी, परपोडी, गाडाडीह, लूक, देवकर (2 केन्द्र), सहसपुर, डगनिया, राजपुर, रौंदा, गोरपा, धमधा (2) केन्द्र), सोनेसरार, परसबोड़, सुखरीकला, बोरीबुजुर्ग एवं हिरी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के पिकरी, बेमेतरा (4 केन्द्र) कोबिया, जेवरा, खेली, किरीतपुर, राका, नवागांव, सण्डी, मोहलाई, खिलोरा, कंतेली, निनवा, मोहभट्ठा, खम्हरिया, परपोड़ा, खिसोरा, सिंवार, पतोरा, सिलघट, टकसिंवा, सरदा. लेंजवारा, मुडपारखुर्द, बेरला (2) केन्द्र), तरकोरी, मोहलई, बोरिया, भिंभौरी, नेवनारा, हसदा, चंडी, तिलई, गुधेली, पिरदा, हरदी एवं बोरसी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मारो, भिलौनी, झुलना, नारायणपुर, नवागांव, चिचोली, करमसेन, अकोली, मुर्रा, धुरसेना, भोपसरा, मुरकुटा, कुंरा, खेड़ा, पुटपुरा, अमोरा, बोरदेही, बलटुकरी, मुस्ता, हाथाडांडू, जेवरा एन, तोरा, खैरी, नवागढ़ (2 केन्द्र), झाल, मानिकपुर, प्रतापपुर, झाकी, बाघुल, गोपालमैना, नगपुरा, छिरहा, कठौतिया, पचभैया, मुरकी, कोदवा, उमरिया, बेरा, सेमरिया, पडकीडीह, चंदनु, बिटकुली, झिरिया, केशतरा, नरी, पेड्रीतराई, खण्डसर।

### 2 केंद्र बदले गए

मरतरा, केवाछी, ढोलिया विलई, भैसा, बालसमुंद, मोहरेंगा, सोनपुरी, राउरपुर एवं खैरझिटी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के बहेरा, सण्डी, पतोरा एवं बेमेतरा (02 केन्द्र) में मतदाताओं की सुविधा के लिए भवन परिवर्तन किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 88 साजा के मतदान केन्द्र सैगोना, साजा, बरहापुर, धमधा विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र बेमेतरा (03 केन्द्र), सिंधौरी, कुसमी, सोद, तारालीम, जमघट, मोहरेंगा तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केन्द्र दाढी एवं मारो में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण समीपस्थ मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411